AIR INDIA
STAR ALLIANCE

# एअर इंडिया ने नए केबिन इंटीरियर और लाइवरी से युक्त अपने पहले रेट्रोफिटेड बी787 का स्वागत किया; एयरलाइन के फ्लीट ट्रांसफॉर्मेशन में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की

**गुरुग्राम, 19 अप्रैल 2026:** एअर इंडिया ने आज अपने पहले रेट्रोफिटेड, ट्विन–आइल बी787–8 (रजिस्टर्ड वीटी–एएनटी) का अनावरण किया। यह 26 बी787 विमानों में से पहला विमान है, जिसके केबिन को सफलतापूर्वक एकदम नया लुक दिया गया है।

कैलिफ़ोर्निया के विक्टरविले स्थित बोइंग के मॉडिफिकेशन सेंटर में विमान के इंटीरियर को अपग्रेड किया गया। इसके बाद, कैलिफ़ोर्निया के सैन बर्नार्डिनो में स्थित एफएए पार्ट–145 सर्टिफाइड एयरक्राफ्ट पेंट युनिट– एरोप्रो में इसे एअर इंडिया की आकर्षक नई लाइवरी से पेंट किया गया।

## नए केबिन, बेहतर अनुभव

इस रेट्रोफ़िट प्रक्रिया के तहत, विमान के इंटीरियर को एकदम नए तरीके से डिज़ाइन किया गया है। पहले विमान में टू–क्लास लेआउट था, इसे अब आधुनिक थ्री–क्लास कॉन्फीगरेशन में बदल दिया गया है। इसके लिए नई सीटें और इनफ़्लाइट एंटरटेनमेंट (आईएफई) सिस्टम लगाए गए हैं। इस बदलाव के बाद, यह विमान अब एअर इंडिया के नए 'वाइडबॉडी प्रोडक्ट स्टैंडर्ड्स' के अनुरूप हो गया है, ठीक ऐसे ही स्टैंडर्ड जनवरी 2026 में शामिल किए गए एअर इंडिया के नए, विशेष रूप से तैयार किए गए बोइंग 787–9 विमान में भी देखने को मिलते हैं।

पहले बी787 विमान की रेट्रोफ़िटिंग में 45 दिनों में लगभग 12,825 'मैन–आवर्स' लगे। इस दौरान, विभिन्न टीमों ने एक आपसी तालमेल में काम किया, जिसमें पुराने इंटीरियर को हटाने से लेकर केबिनों को नए सिरे से व्यवस्थित करना, नई सीटें, कारपेट और वॉल लेमिनेट्स, गैली और लेवॉटरी की मरम्मत करना और नई सीटों व केबिन के अन्य कम्पोनेन्ट्स की जाँच करना शामिल था।

पहले विमान की मरम्मत में कुल मिलाकर निम्नलिखित चीज़ों की ज़रूरत पड़ीः

- सभी केबिनों में नई सीटों के लिए 475 मीटर फैब्रिक
- 167 मीटर सिंथेटिक लैदर
- 169 मीटर कारपेट

- 646 लीटर पेंट

विमान के एक्सटीरियर को भी पूरी तरह से नया रूप दिया गया; इसके लिए 20 विशेषज्ञों की एक टीम ने 18 दिनों के दौरान 5,700 घंटे से भी ज़्यादा समय लिया। इस दौरान पुराने पेंट को हटाकर एअर इंडिया के नए रंगों से सजाया गया।

इस खास डिज़ाइन वाले केबिन में अब निम्नलिखित सुविधाएँ हैं:

- बिज़नेस क्लास में 1–2–1 लेआउट में 20 शानदार प्राइवेट सुइट; हर सुइट में प्राइवेसी स्लाइडिंग डोर, सीधे आइल का एक्सेस, 42 इंच की पिच, फुली फ्लैट 79 इंच का बैड, 17 इंच की 4के क्यूएलइडी एचडीआर टचस्क्रीन, चार्जिंग के कई विकल्प, हल्की रोशनी वाला एक छोटा सा कोना, वैनिटी मिरर, हेडफ़ोन हुक और जाली से प्रेरित एक खास लैंप है।

- प्रीमियम इकोनॉमी में 2–3–2 लेआउट में 25 सीटें हैं। हर सीट पर ज़्यादा प्राइवेसी, 38 इंच की पिच, 7 इंच रीक्लाइन, 6 तरह से एडजस्ट होने वाला हेडरेस्ट, काफ एवं लैग रेस्ट, 13.3 इंच की 4के क्यूएलईडी एचडीआर स्क्रीन, टाइप ए और सी फ़ास्ट चार्जिंग पोर्ट और एक बॉटल होल्डर है, ये सभी फीचर यात्री को ज़्यादा सुविधा प्रदान करते हैं।

- इकोनॉमी क्लास में 3–3–3 लेआउट में 205 सीटें हैं। हर सीट को ज़्यादा आरामदायक बनाने के लिए खास तौर पर डिज़ाइन किया गया है, जिसमें 31/32 इंच की पिच, 5 इंच रीक्लाइन, 11.6 इंच की 4के क्यूएलईडी एचडीआर टचस्क्रीन और टाइप ए और सी चार्जिंग पोर्ट हैं।

केबिन में किए गए अतिरिक्त सुधारों में नए कारपेट और पर्दे, नए वॉल लैमिनेट, गैली का नवीनीकरण, सभी लैवॉटरीज़ में सुधार, ओवरहेड बिन पैनलों को बदलना या उनकी मरम्मत करना, एक नया केबिन सर्विस सिस्टम लगाना और एक अपडेटेड क्रू एप्लीकेशन पैनल इंटरफ़ेस शामिल हैं।

केबिन की बात करें तो बिज़नेस क्लास में एलीवेट एसेन्ट सीट के कस्टमाइज़्ड वर्जन और प्रीमियम इकोनॉमी और इकोनॉमी क्लास में क्रमशः पीएल 3530 और सीएल3710 सीटें लगाई गई हैं। सभी सीटों में थेल्स का अत्याधुनिक अवंत–अप इन–फ़्लाइट एंटरटेनमेंट (आईएफई) सिस्टम लगाया गया है।

इस अवसर पर एअर इंडिया के सीईओ एवं प्रबंध निदेशक, कैम्पबैल विल्सन ने कहा: ''यह हमारी बदलाव की यात्रा में एक और गर्व का अवसर है। हम एकदम नए रूप में बी787 विमान का स्वागत कर रहे हैं। हमारे पहले वाइडबॉडी विमान का नवीनीकरण एअर इंडिया के बदलाव का स्पष्ट संकेत है। 25 अन्य 787 विमानों का भी इसी तरह नवीनीकरण किया जा रहा है, और हम अपने लॉन्ग–हॉल फ्लीट को तेज़ी से आधुनिक बना कर भारत एवं दुनिया के बीच यात्रा करने मेहमानों को बेहतर अनुभव प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।

## रेट्रोफ़िट प्रोग्राम की प्रगति

एअर इंडिया अगले एक साल में 25 और बी787 विमानों को रेट्रोफ़िट करेगी, जिनमें से दो विमानों का नवीनीकरण पहले से जारी है। 400 मिलियन अमेरिकी डॉलर के निवेश के तहत एयरलाइन के पुराने फ्लीट को आधुनिक बनाने के लिए इस बदलाव को अंजाम दिया जा रहा है। बी787 रेट्रोफ़िट प्रोग्राम की अवधारणा बोइंग के साथ संयुक्त रूप से तैयार की गई है और इसे संयुक्त रूप से ही अंजाम भी दिया जा रहा है। इससे पूरी प्रक्रिया के दौरान गुणवत्ता और सुरक्षा के सर्वोच्च मानकों को सुनिश्चित किया जा सकेगा।

2027 तक बी787 रेट्रोफ़िट प्रोग्राम के पूरी तरह से पूरा हो जाने के बाद, एअर इंडिया ने हर सप्ताह यूनाइटेड किंगडम, यूरोप और ऑस्ट्रेलिया जाने वाली 300 से ज़्यादा उड़ानों में यात्रियों की सुविधा एवं अनुभव को बेहतर बनाने का लक्ष्य रखा है। इसके बाद, एअर इंडिया अपने 13 लेगेसी बी777–300ईआर विमानों को भी रेट्रोफ़िट करेगी।

एअर इंडिया के फ्लीट के आधुनिकीकरण के तहत इस पहल का अंजाम दिया जा रहा है। इससे यात्रियों को ज़्यादा आराम, प्राइवेसी और मनोरंजन के बेहतर विकल्प मिलेंगे, और साथ ही एक प्रीमियम ग्लोबल कैरियर के रूप में एयरलाइन की स्थिति और मज़बूत होगी।

**About Air India group**

The Air India group – comprising of full-service global airline, Air India, and value carrier, Air India Express – is spearheading a new era of Indian aviation. The Air India story began in 1932 when JRD Tata piloted the airline's inaugural flight and opened the skies for aviation in India. Today, Air India group employs more than 30,000 people, operates over 300 aircraft and carries customers to 59 domestic and 51 international destinations across five continents.

Returning to the Tata Sons in 2022 following 70 years under Government ownership, Air India group is in the midst of a five-year transformation program, Vihaan.AI. As part of the transformation, Air India has placed an order for 600 new aircraft. In 2024, sister airlines Air Asia India and Vistara were successfully merged into Air India Express and Air India, respectively, and the Airline opened South Asia's largest aviation training academy. A new flying school is scheduled to open in 2026, and construction of a greenfield maintenance base, to be operational in 2026, is underway. In addition to receiving new aircraft, all existing aircraft are progressively undergoing a full interior refit.

With transformation underway across all facets of the business and India's rich legacy of hospitality, Air India is committed to being a world class global airline with an Indian heart.

For more stories on Air India, visit http://www.airindia.com/newsroom

PRESS CONTACTS

**Air India**
Ronit Baugh
ronit.baugh@airindia.com

**Air India Press Office**
Anuj Bakshi / Apoorva Bansal
airindia@adfactorspr.com